आई टी एल पब्लिक स्कूल
पुनरावृति कार्यपत्रिका सामयिक परीक्षा 2 (2025-26)
विषय- हिंदी

दिनांक ः दिसंबर 2025 कक्षाः चतुर्थ
नाम ः रोल नंः
समय ः 1 घंटा कुल अंक ः 20

सामान्य निर्देश- 1)इस कार्यपत्रिका में 2 पृष्ठ, 3 भाग और कुल 5 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3)सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| | भाग क पठन कौशल | |
| प्रश्न 1 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।<br>एक बार गौतम बुद्ध एक गाँव में गए वहाँ लोग अपनी अलग- अलग परेशानियाँ लेकर उनके पास जाते और उसका हल लेकर खुशी-खुशी वहाँ से लौटते।उसी जगह योगेश नाम का एक गरीब भी बैठा था। जब उसकी बारी आई तो वह बोला कि भगवन इस गाँव में सभी लोग सुखी व प्रसन्न हैं।फिर मैं ही क्यों दुखी व गरीब हूँ? महात्माजी बोले कि तुमने आजतक किसी को कुछ नहीं दिया इसलिए तुम गरीब और दुखी हो। उसने हैरान होकर पूछा- मेरे पास भला दूसरों को देने के लिए है ही क्या? महात्माजी बोले- दूसरों को देने के लिए तुम्हारे पास बहुत कुछ है। तुम्हारी मुस्कुराहट जिससे तुम लोगों में आशा का भाव भर सकते हो। मुख से मीठे बोल बोलकर दूसरों की प्रशंसा कर सकते हो। दो हाथ दिए है जिससे दूसरों की मदद कर सकते हो। ये तीन चीजें जिसके पास हो वे कैसे गरीब हो सकता है। योगेश को गौतम बुद्ध की सारी बात समझ आ गई और वह अब गरीब नहीं रहा । | |
| | (क) लोग गौतम बुद्ध के पास क्यों आते थे ? | |
| | (ख) योगेश की बारी आने पर उसने क्या पूछा? | |
| | (ग) महात्मा जी ने किन तीन चीजों के बारे में बताया? | |
| | (घ) लोगों में आशा का भाव कैसे भर सकते हैं? | |
| | (ङ) निम्न शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश मे से ढूँढकर लिखिए।<br>कड़वे ____________ अमीर ____________ | |
| | भाग ख भाषा कौशल | |
| प्रश्न 2 | दिए गए एक शब्द के लिए वाक्यांश लिखिए।<br>(क) सर्वज्ञ (ख) सदाचारी<br>(ग) अग्रज (घ) स्मरणीय | |
| प्रश्न 3 | रेखांकित संज्ञा के स्थान पर सर्वनाम लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए।<br>(क) सुनीता ने पिताजी के लिए कुरता खरीदा।<br>(ख) मैंने और राम ने सामान खरीदा। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) कल आरव दिल्ली घूमने जा रहा है। | |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द भरें ।<br>(क) राधा ने .................... कहानी सुनाई।<br>(ख) ................. माली ने पेड़ से फल तोड़े।<br>(ग) ..............कुएँ से पानी खींचना पसंद है।<br>(घ) ................. दीवार का रंग नीला है। | |
| | भाग- ग साहित्य कौशल | |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए।<br>(क) कैमरे की कार्यप्रणाली को किसने व कैसे समझाया?<br>(ख) कैमरा क्या करता है व चित्र कैसे खींचता है?<br>(ग) लेखक ने कैमरे की तुलना ....................... से की है।<br>(घ) "जहाँ अति होती है वहाँ क्षति होती है।" यह वाक्य किसने ,किससे कहा?<br>(ङ) शब्दों के अर्थ लिखिए।<br>1) प्रथा - 2)नियंत्रण-<br>3) अध्यक्ष- 4) निर्णय-<br>5) रूप- | |
| प्रश्न 6 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए।<br>(क) लड्डू दादा ने क्या-क्या सुझाव दिए?<br>(ख)कविता में कैमरे की कौन-कौन सी विशेषताएँ बताई गई हैं?<br>(ग) कैमरे की मदद से हम किन्हें पास रख सकते हैं? | |